# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति सहित राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन पर दी बधाई, उनके नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की सराहना करते हुए दीर्घायु होने की कामना की।**

- **राज्यव्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ, कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण किट का हुआ वितरण।**

- **आईजी सुदर्शन मंडल ने धनबाद जेल का किया निरीक्षण, कैदियों के लिए बेहतर भोजन और मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य करने के दिए निर्देश।**

- **राज्यभर में पूरे भक्ति भाव और आस्था के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और चौक–चौराहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा हुई स्थापित।**

- **मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले तीन घंटों में वज्रपात और वर्षा की जताई संभावना है, लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील।**

***********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने अपने असाधारण नेतृत्व और कड़ी मेहनत से देश में महान लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है।

***********************

इधर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके राष्ट्रसेवा के समर्पण को प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। रांची के सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किए और अभियान को लेकर प्रचार रथ रवाना किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि नारी शक्ति समाज और राष्ट्र की ताकत है, अभियान की सफलता के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ रहेगी और सरकार रिम्स टू बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करेगी।

कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी शामिल हुए और महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर जोर दिया।

******************

इधर गिरिडीह में भी आज 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ डीडीसी स्मृति कुमारी समेत कई अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही गिरिडीह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित कर 75 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया।

******************

बोकारो जिला में भी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में सांसद ढुलू महतो, विधायक श्वेता सिंह और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार शामिल हुए। मौके पर सांसद ने अभियान को महिलाओं और समाज की ताकत से जोड़ा और सभी से इसका लाभ उठाने की अपील की।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 19 से 21 सितंबर तक ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले ईस्ट टेक सिंपोजियम डिफेंस एक्सपो में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किला के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी। आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

******************

राजधानी रांची के सीसीएल में आज "स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान की शुरुआत की गई, जहां निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने अधिकारियों–कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर कार्यक्रम में श्रमदान और सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

******************

आईजी सुदर्शन मंडल ने धनबाद जेल का निरीक्षण कर कैदियों की सुविधाओं और सुधारों की समीक्षा की। उन्होंने जेल प्रशासन को सप्ताह में तीन दिन मांसाहारी भोजन देने और हर नए कैदी की 10–बिंदुओं पर मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मैनपावर सुधार और सुरक्षा अपग्रेड पर विशेष ध्यान देने को कहा।

******************

राज्यभार में विश्वकर्मा पूजा पूरे भक्ति भाव और आस्था के साथ मनाया गया। लोहरदगा जिले में औद्योगिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों सहित चौक–चौराहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा–अर्चना की गई।

*****************

गोड्डा जिले के मध्य और माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों के बेहतर पढाई के साथ भविष्य में बिभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता को लेकर अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर चतरा, धनबाद, हजारीबाग, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा और कोडरमा जिलों के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस दौरान 30–40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चल सकती हैं।लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने और पेड़–पौधों तथा बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

******समाप्त********